समग्र शिक्षा
Samagra Shiksha

NIPUN BHARAT

प्रार्थना - शनिवार (Saturday)

इतनी शक्ति हमें देना दाता,
मन का विश्वास कमज़ोर हो ना।
हम चलें नेक रस्ते पे हमसे,
भूलकर भी कोई भूल हो ना।।

दूर अज्ञान के हों अँधेरे,
तू हमें ज्ञान की रोशनी दे।
हर बुराई से बचके रहें हम,
जितनी भी दे भली ज़िन्दगी दे।
बैर हो ना किसी का किसी से,
भावना मन में बदले की हो ना।।
इतनी शक्ति....

हम न सोचें हमें क्या मिला है,
हम ये सोचें किया क्या है अर्पण।
फूल खुशियों के बांटें सभी को,
सबका जीवन ही बन जाए मधुबन।
अपनी करुणा को जल तू बहा के,
कर दे पावन हर एक मन का कोना।।
इतनी शक्ति....

हम अँधेरे में हैं रोशनी दे,
खो ना दे खुद को ही दुश्मनी से।
हम सज़ा पायें अपने किए की,
मौत भी हो तो सह लें ख़ुशी से।
कल जो गुज़ारा है फिर से ना गुज़रे,
आने वाला वो कल ऐसा हो ना।।
इतनी शक्ति....

संकलन - काव्यांजलि टीम

मिशन शिक्षण संवाद

आओ हाथ से हाथ मिलाएं, बेसिक शिक्षा का मान बढ़ाएं। #9458278429

प्रार्थना - शुक्रवार (Friday)

हर देश में तू, हर भेष में तू,
तेरे नाम अनेक, तू एक ही है,-2
तेरी रंगभूमि, यह विश्व भरा,
सब खेल में, मेल में तू ही तो है॥

सागर से उठा बादल बनके,
बादल से फटा जल हो करके।
फिर नहर बना, नदियाँ गहरी,
तेरे भिन्न प्रकार, तू एक ही है॥
हर देश में तू....

चींटी से भी अणु-परमाणु बना,
सब जीव-जगत का रूप लिया।
कहीं पर्वत-वृक्ष विशाल बना,
सौंदर्य तेरा, तू एक ही है॥
हर देश में तू....

यह दिव्य दिखाया है जिसने,
वह है गुरुदेव की पूर्ण दया।
हमको कहीं कोई न और दिखा,
बस मैं अरु तू सब एक ही है॥
हर देश में तू....

संकलन - काव्यांजलि टीम

मिशन शिक्षण संवाद

आओ हाथ से हाथ मिलाएं, बेसिक शिक्षा का मान बढ़ाएं।   #9458278429

समग्र शिक्षा
Samagra Shiksha

NIPUN BHARAT

प्रार्थना - गुरुवार (Thursday)

सुबह सवेरे लेकर तेरा नाम प्रभु,
करते हैं हम शुरु आज का काम प्रभु।-2

शुद्ध भाव से तेरा ध्यान लगाएं हम,
विद्या का वरदान तुम्ही से पाएं हम।-2
हाँ, विद्या का वरदान तुम्ही से पाएं हम।
तुम्ही से है आगाज़, तुम्हीं अंजाम प्रभु,
करते हैं हम शुरु आज का काम प्रभु।
सुबह सवेरे....

गुरुओं का सत्कार कभी न भूलें हम,
इतना बनें महान गगन को छू लें हम।-2
हाँ, इतना बनें महान गगन को छू लें हम।
तुम्ही से है हर सुबह, तुम्ही से शाम प्रभु,
करते हैं हम शुरु आज का काम प्रभु।
सुबह सवेरे....

संकलन - काव्यांजलि टीम

मिशन शिक्षण संवाद

आओ हाथ से हाथ मिलाएं, बेसिक शिक्षा का मान बढ़ाएं।   #9458278429

उत्तर प्रदेश सरकार

समग्र शिक्षा
Samagra Shiksha

NIPUN BHARAT

प्रार्थना - सोमवार (Monday)

वह शक्ति हमें दो दयानिधे,
कर्तव्य मार्ग पर डट जावें।
पर सेवा, पर उपकार में हम,
जग जीवन सफल बना जावें।।

हम दीन, दुखी, निबलों, विकलों,
के सेवक बन संताप हरें।
जो हैं अटके, भूले, भटके,
उनको तारें खुद तर जावें।।

छल, दम्भ, द्वेष, पाखण्ड, झूठ,
अन्याय से निशि-दिन दूर रहें।
जीवन हो शुद्ध, सरल अपना,
सुचि प्रेम सुधारस बरसावें।।

निज आन, मान, मर्यादा का,
प्रभु ध्यान रहे अभिमान रहे।
जिस देश जाति में जन्म लिया,
बलिदान उसी पर हो जावें।।

संकलन - काव्यांजलि टीम

मिशन शिक्षण संवाद

आओ हाथ से हाथ मिलाएं, बेसिक शिक्षा का मान बढ़ाएं। #9458278429

समग्र शिक्षा
Samagra Shiksha

NIPUN BHARAT

प्रार्थना - बुधवार (Wednesday)

ऐ मालिक तेरे बन्दे हम,
ऐसे हों हमारे करम।
नेकी पर चलें और बदी से टलें,
ताकि हँसते हुए निकले दम।।
ऐ मालिक तेरे बन्दे हम.....

ये अंधेरा घना छा रहा,
तेरा इंसान घबरा रहा।
हो रहा बेख़बर, कुछ ना आता नज़र,
सुख का सूरज छिपा जा रहा।
है तेरी रोशनी में वो दम,
जो अमावस को कर दे पूनम।
नेकी पर चलें और बदी से टलें,
ताकि हँसते हुए निकले दम।
ऐ मालिक तेरे बन्दे हम.....

बड़ा कमज़ोर है आदमी,
अभी लाखों हैं इस में कमी।
पर तू जो खड़ा, है दयालु बड़ा,
तेरी कृपा से धरती थमी।
दिया तूने हमें जब जनम,
तू ही ले लेगा हम सब के ग़म।
नेकी पर चलें और बदी से टलें,
ताकी हँसते हुए निकले दम।
ऐ मालिक तेरे बन्दे हम.....

जब जुल्मों का हो सामना,
तब तू ही हमें थामना।
वो बुराई करें, हम भलाई करें,
नहीं बदले की हो भावना।
बढ़ उठे प्यार का हर कदम,
और मिटे बैर का ये भरम।
नेकी पर चले और बदी से टलें,
ताकि हँसते हुए निकले दम।
ऐ मालिक तेरे बन्दे हम......

संकलन - काव्यांजलि टीम

मिशन शिक्षण संवाद

आओ हाथ से हाथ मिलाएं, बेसिक शिक्षा का मान बढ़ाएं। #9458278429

प्रार्थना - मंगलवार (Tuesday)

दया कर दान विद्या का हमें परमात्मा देना,
दया करना हमारी आत्मा में शुद्धता देना।

हमारे ध्यान में आओ, प्रभु आँखों में बस जाओ।
अँधेरे दिल में आकर के, परम ज्योति जगा देना।
दया कर....

हमारा कर्म हो सेवा, हमारा धर्म हो सेवा।
सदा ईमान हो सेवा, व सेवकचर बना देना।
दया कर....

बहा दो प्रेम की गंगा दिलो में प्रेम का सागर।
हमें आपस में मिलजुलके प्रभु रहना सिखा देना।
दया कर....

वतन के वास्ते जीना, वतन के वास्ते मरना।
वतन पर जाँ फिदा करना, प्रभु हमको सिख देना।
दया कर....

संकलन - काव्यांजलि टीम

मिशन शिक्षण संवाद

आओ हाथ से हाथ मिलाएं, बेसिक शिक्षा का मान बढ़ाएं। #9458278429